HINDI - HINDI DIVAS (2022 - 2023)

हिंदी आज अंतर्राष्ट्रीय भाषा है : आचार्य प्रदीप कुमार

हैदराबाद (शुभ लाभ ब्यूरो)। डॉ. एच.के. वंदना अध्यक्ष हिंदी विभाग सरकारी सिटी कॉलेज के तत्वाधान में सिटी कॉलेज के ग्रेट हाल में हिंदी दिवस 2022 मनाया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर मुरली कृष्णा डीन कला संकाय उस्मानिया विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया ।

प्रोफेसर प्रदीप कुमार निदेशक भक्ति साहित्य सांस्कृतिक शोध संस्थान उस्मानिया विश्वविद्यालय तुलसी भवन का बीज व्याख्यान रहा आचार्य प्रदीप कुमार ने हिंदी को आज अंतर्राष्ट्रीय भाषा कहा । उनके अनुसार अंग्रेजी,चीनी के बाद विश्व में हिंदी का स्थान है इसके साथ साथ हिंदी आज लोक भाषा बन गई है ।

प्रोफेसर शकीला खानम डीन कला संकाय अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी ने विदेशों में हिंदी शिक्षण के बारे में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया डॉक्टर कोकिला वरिष्ठअध्यापिका अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय ने केंद्रीय सरकारी संस्थानों में हिंदी की आवश्यकता पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया डॉक्टर राजश्री मोरे अध्यक्ष हिंदी विभाग महिला महाविद्यालय ने विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया ।

उन्होंने हिंदी की दशा और दिशा निर्धारित करते हुए हिंदी के भविष्य को उज्जवल बतलाया ।मुख्य अतिथि ने डॉ. एच.के. वंदना की हिंदी साहित्य सेवा की प्रशंसा की और उन्होंने कुछ मधुर गीत हिंदी के गाकर सबको भावविभोर कर दिया ।

अंबेडकर कॉलेज,सिन्धु महाविद्यालय की हिंदी प्राध्यापिकाएं डॉ.माधवी,संध्या ने छात्रों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए । सरकारी महाविद्यालय सिटी कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिता जैसे चित्रकला, निबंध ,भाषण,कविता पाठ ,देश भक्ति के गीत नृत्य आदि में भाग लिया।

सिटी कॉलेज के छात्राओं ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया ।अंत में मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया इस कार्यक्रम में अन्य विभागों के प्राध्यापिका एवं प्राध्यापक उप-स्थित थे डॉ. लता अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. सुजाता तेलुगु विभाग, अजमेरा डॉ. कैथरीना ने भाग लिया ।डॉक्टर सुजाता तथा डॉ. धीरा एवं आदि रमेश तथा विभिन्न कॉलेजों से पधारे विद्यार्थी ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

ఇంగ్లీష్, చైనీస్ తర్వాతి స్థానం హిందీకే..

ఆచార్య ప్రదీప్ కుమార్, డాక్టర్ హెచ్.కె.వందన తదితరులు

చార్మినార్: ప్రభుత్వ సిటీ కళాశాల హిందీ డిపార్టమెంట్ హెడ్ డాక్టర్ హెచ్.కె.వందన ఆధ్వర్యంలో కళాశాలలోని గ్రేట్ హాల్‌లో హిందీ దివస్ వేడుకలను నిర్వహించారు. ఉస్మానియా యూనివర్సిటీ ఆర్ట్స్ ఫ్యాకల్టీ ప్రొఫెసర్ మురళీ కృష్ణ డీన్ ముఖ్య అతిథిగా పాల్గొన్నారు. ఉస్మానియా విశ్వవిద్యాలయం భక్తి సాహిత్య సాంస్కృతిక పరిశోధనా సంస్థ డైరెక్టర్ ప్రొఫెసర్ ప్రదీప్ కుమార్, తులసి భవన్ గేవ్ కీ నోట్ అడ్రెస్ ఆచార్య ప్రదీప్ కుమార్ హిందీని అంతర్జాతీయ భాషగా అభివర్ణించారు. ప్రపంచంలో హిందీకి ఇంగ్లిష్, చైనీస్ తర్వాతి స్థానం ఉందని, దాంతో పాటు హిందీ ఒక జానపద భాష అన్నారు. అంబేద్కర్ ఓపెన్ యూనివర్సిటీ ప్రొఫెసర్ షకీలా ఖానుమ్, ప్రొఫెసర్ డాక్టర్ కోకిలా, డాక్టర్ హెచ్.కె.వందన, డాక్టర్ మాధవి, సంధ్య తదితరులు ఉన్నారు.